हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026



11 बीईओ बने शिक्षक, क्लास में पढ़ाया समानता ..





12 समाज में जागरूकता लाने से ही लिंगानुपात...






GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING

Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak

REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available

P.B. B.Sc. NURSING — 2 Years GNM Pass
GNM — 3 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
ANM — 2 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING — 4 Year | 10+2 (Medical)

Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933




## खबर संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**लोहारू।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 15 जुलाई को ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन बीईओ के संयोजन में होगा, जिसमें ब्लॉक के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। छात्र-छात्राएं लोकनृत्य, समूहगान, एकल गायन, भाषण, नाटक और अन्य प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करना तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

### चेक बाउंस मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को महिला मुख्य सिपाही पुनीता ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को शहर क्षेत्र से काबू किया। आरोपी की पहचान हालुवास निवासी दीपक के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में लंबित चेक बाउंस मामले में कार्रवाई चल रही थी और वह गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने पर उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### बाबा रामचंद्र दास की स्मृति में भंडारा कल

**चरखी दादरी।** परमहंस बाबा हरिहर डेरा, गांव हिंडोल में 15 और 16 जुलाई को बाबा रामचंद्र दास की पुण्य स्मृति में धार्मिक भंडारा एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। डेरा के महंत बाबा चमकाई दास ने बताया कि बाबा रामचंद्र दास वर्ष 1950 से 1983 तक यहां गद्दीनशीन रहे। वह संत शिरोमणि बाबा रामदास के शिष्य थे और पंजाब के संगरूर जिले के निवासी थे। उन्होंने कई वर्षों तक गांव कलियाणा की रामतलाई बणी में तपस्या की थी। 15 जुलाई की रात सत्संग तथा 16 को आरती और विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 22 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भिवानी में 22 जुलाई को सुबह 9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, टर्नर, वायरमैन, वेल्डर, ड्रेस मेकिंग, सिलाई एवं फैशन टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न ट्रेडों के आईटीआई पास एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। प्रधानाचार्य इंद्र सिंह ने बताया कि कई प्रतिष्ठित कंपनियां अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगी। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

### तीन वर्ष पुराने बाइक चोरी मामले में आरोपित दबोचा

**चरखी दादरी।** पुलिस ने 2022 में दर्ज बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 29 नवंबर 2022 को झज्जर जिले के ढाकला निवासी राजकुमार ने बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा गया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव गौरीपुर निवासी रामफल के रूप में हुई है।

महम, हांसी, बवानीखेड़ा व तोशाम हलके के लोगों के लिए खुशखबरी

# सुंदर सब ब्रांच विश्व बैंक स्कीम में शामिल, अब बढ़ेगी पानी की क्षमता

*नहर के सुधारीकरण के लिए विश्व बैंक ने बढ़ाए हाथ, जल्द जारी होगा बजट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महम, हांसी, बवानीखेड़ा व तोशाम हलके के लोगों के लिए खुश खबरी। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के प्रयासों व सीएम नायब सिंह सैनी व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी की मजबूत पैरवी की वजह से सुंदर सब ब्रांच विश्व बैंक स्कीम में शामिल हो गई। सुंदर सब ब्रांच नहर इस तरह की प्रदेश की पहली नहर बन गई।

विश्व बैंक स्कीम में शामिल होने के बाद अब सुंदर सब ब्रांच की मरम्मत, रिपेयर व क्षमता बढ़ाने का सारा कार्य उक्त योजना के तहत होगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कार्य के लिए कितना बजट जारी हुआ है,लेकिन विश्व बैंक स्कीम में आने के बाद चार हलकों के लोगों के समक्ष पीने व खेतों की सिंचाई के पानी की कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही इस योजना में शामिल होने के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों में भी जबरदस्त खुशी का आलम है।



भिवानी। सुंदर नहर का निरीक्षण करते विधायक व अन्य। फाइल फोटो।

**55 बुर्जी को मिलेगा नया जीवन:** इस स्कीम में आने के बाद मुंढ़ाल से लेकर मोहला हैड तक सुंदर सब ब्रांच नहर की करीब 58 बुर्जी (करीब 121 से 179) ऐसी हैं। जहां पर करीब 40 साल पहले ईंटों से पक्का किया गया था। तब से लेकर अभी तक उन्हीं ईंटों से बनी नहर से ही पानी निकाला जा रहा है। कई बार ज्यादा पानी आने से नहर के किनारों का बिखरने का भय बना रहता है। साथ में पीछे पानी ज्यादा होने पर इसमें अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ा सकता। अब इस नई स्कीम में शामिल होने के बाद मुंढाल से लेकर मोहल्ला हैड तक की ईंटों से बने नहर के किनारों को आरसीसी का बनाया जाएगा। केवल इसी जगह पर ईंटों से ही नहर के किनारे बने है। बाकी पूरी नहर आरसीसी से बनाई जा चुकी है। अगर नहर व माइनर की पटरिया आरसीसी की बनती है तो उनमें कभी भी झाड़ व झंखाड़ नहीं उग पाएगें। फिलहाल नहर व माइनरों के किनारों पर सरकंडे व अनेक किस्म की झाड़ियां खड़ी है। साथ ही सरकंडे व झाड़ियां उगे होने के कारण नहर व माइनरों की सही ढंग से निगरानी नहीं हो पाती। इनके अलावा नहर व माइनरों की तलहटी में गाद भी कम से कम जमेगी। जिससे विभाग को बार बार माइनर व नहरों की सफाई पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा।

#### अंतिम छोर पर पहुंचेगा...

अब अगर मोहला हैड से सुंदर में मांग के अनुरुप पानी छोड़ दिया जाए तो नहर का टूटने की आशंका बनी रहती है। क्योंकि मोहला हैड से लेकर मुंढाल तक नहर कच्ची है। जिसकी पटरियां कभी भी ज्यादा पानी की वजह से बिखर सकती है। पूरा पानी नहीं छोड़ने पर अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचता। यह समस्या अकेले तोशाम व बवानीखेड़ा हलके के किसानों की नहीं है,बल्कि महम व हांसी के किसानों की भी है। सुंदर से निकलने वाले माइनरों में भी पूरा पानी नहीं पहुंच पाता। विश्व बैंक स्कीम में शामिल होने के बाद सुंदर नहर में मांग के अनुरुप पानी छोड़ा जा सकेगा। जिससे अंतिम छोर पर पूरा पानी पहुंच पाएगा।

#### 40 साल का टूटेगा रिकार्ड : विधायक



विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि विगत में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने सुंदर नहर के बारे में उनसे जानकारी मांगी थी। उन्होंने बताया था कि वल्ड बैंक स्कीम में शामिल करवाने का प्रस्ताव है। सीएम नायब सिंह सैनी व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी की बदौलत सुंदर सब ब्रांच नहर वर्ल्ड बैंक स्कीम में शामिल हो गई। अब सुंदर नहर प्रदेश की गिनी चुनी नहरों में शामिल हो गई। यह पिछले 40 साल का रिकार्ड टूटा है। विश्व बैंक की स्कीम के तहत नहर के सुधारीकरण व उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए बजट जारी किया है। राशि मिलते ही सुंदर नहर (मोहला हैड से मुंढाल तक तथा बाकी नहर के अंत तक) की रिपेयर, तली का लेवल सही करना तथा जिन जगहों से निची या कच्ची है। उन जगहों से पक्की करवाया जाएगा। बीच रास्ते में कहीं पर पानी की बर्बादी नहीं होगी। इस योजना के तहत कार्य होने के बाद सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी की क्षमता दो से ढाई गुणा तक बढ जाएगी। इस योजना के बाद अकेले बवानीखेड़ा ही नहीं, महम, हांसी, तोशाम हलके के चप्पे चप्पे में पर्याप्त पानी पहुंचेगा।

#### जिले की नहरों में पहुंचा पानी

पहाड़ी इलाकों में जबरदस्त बारिश के बाद मैदानी इलाकों की नहरों की जान में जान आने लगी है। यमुना में पानी पूरा होने के बाद सुंदर ग्रुप को करीब 13 सौ क्यूसेक पानी मिल गया है। हालांकि अभी इन नहरों के लिए पानी कम है,लेकिन सूखे के चलते इस पानी से किसान कुछ हद तक अपने खेतों की सिंचाई कर सकेंगे। फिलहाल सिंचाई विभाग ने सुंदर नहर में साढे नौ सौ की अपेक्षा 307 क्यूसेक पानी छोड़ा है। इसी तरह मिताथल फीडर में 386 तथा जुई फीडर में साढे आठ सौ की अपेक्षा 597 क्यूसेक पानी छोड़ा है। ताकि जिन इलाकों के जलघर खाली रह गए है। उन जलघरों को पानी से भरा जा सके और अगर जलघरों में पूरा पानी है तो किसान अपने खेतों की सिंचाई कर सकते है। चूंकि इस वक्त किसानों को अपने खेतों में सिंचाई की सख्त जरूरत है। साथ में धान की रोपाई का कार्य जोरों पर है।



बवानीखेड़ा। रोष प्रदर्शन करते क्षेत्र के लोग। फोटो : हरिभूमि

## विद्यालय व मंदिर के पास शराब की दुकान खोलने के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के वार्ड 15 एवं 16 के निवासियों ने विद्यालय-मंदिर और सार्वजनिक कुएं के समीप शराब व मीट की दुकान खोलने के विरोध में प्रदर्शन किया तथा प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन के बाद वार्डवासियों ने थाना प्रभारी को शिकायत देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों में बंसीलाल, रमेश कुमार, जोगीराम, राजेन्द्र, बलवान, मौलिक, सोनी, नेपाल आदि का कहना था कि स्टेशन रोड स्थित कुएं और श्री श्याम जी मंदिर के पास शराब व मीट की दुकान खोले जाने की तैयारी की जा रही है, जिससे क्षेत्र की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी और सामाजिक वातावरण प्रभावित होगा। उन्होंने बताया कि उक्त स्थान पर महिलाएं और बच्चे प्रतिदिन पानी भरने आते हैं, इसलिए यहां इस प्रकार की दुकान खोला जाना उचित नहीं है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि संबंधित लोगों को कई बार समझाने के बावजूद वे अपनी बात पर अड़े हुए हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। लोगों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे अपना आंदोलन और तेज करने को मजबूर होंगे। दूसरी तरफ इस बारे थाना प्रभारी ने बताया कि मौका निरीक्षण करेंगे और विद्यालय, मंदिर व बस्ती के मध्य शराब की बिक्री नहीं होने देंगे।

## 15 जुलाई से 14 सितंबर तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगेंगे विशेष कैंप

**भिवानी।** जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 14 सितंबर तक सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा गांव और वार्ड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि जिले में अब तक 7.21 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि करीब 1.66 लाख कार्ड अभी बनना शेष हैं। जिले में 42 निजी और 37 सरकारी अस्पताल योजना से सूचीबद्ध हैं, जहां पात्र लाभार्थियों को कैशलेस उपचार की सुविधा मिल रही है। अब तक 1.55 लाख से अधिक मरीज योजना का लाभ उठा चुके हैं और उनके उपचार पर करीब 165.26 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।



## प्रेम,भाईचारे व विनम्रता से समाज की तरक्की सम्भव : कंवर साहेब

**बहल।** राधास्वामी दिनोद आश्रम के परम हजूर संत कंवर साहेब ने मंगलवार को बहल पहुंचकर निर्माणाधीन राधास्वामी भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया और संबंधित सेवादारों से निर्माण संबंधी जानकारी ली। बड़ी संख्या में मौजूद साध संगत ने उनका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया।निरीक्षण के बाद आयोजित सत्संग में परम हजूर संत कंवर साहेब ने साध संगत को आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य सदाचार, सेवा और सत्संग के मार्ग पर चलना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सदाचार के नियमों का पालन करते हुए सभी जीवात्माओं के प्रति स्नेह, करुणा और सद्भाव का भाव रखना चाहिए। प्रेम, विनम्रता और आपसी भाईचारे से ही समाज में सुख, शांति और सौहार्द का वातावरण स्थापित हो सकता है।उन्होंने कहा कि जीवन में अहंकार, द्वेष और बुराइयों से दूर रहकर मानवता की सेवा करना ही सच्ची भक्ति है। यदि व्यक्ति अपने व्यवहार को श्रेष्ठ बनाए और दूसरों के प्रति सम्मान की भावना रखे तो परिवार और समाज दोनों मजबूत बनते हैं।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को लगाई फटकार, ब्याज सहित क्लेम राशि देने के आदेश

*नियम व शर्तें छिपाकर क्लेम खारिज करने का दोषी ठहराया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक फैसले में एक बीमा कंपनी को सेवा में कोताही और अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी पाया है। आयोग के अध्यक्ष मंजीत सिंह नरयाल ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को स्वास्थ्य बीमा क्लेम की राशि ब्याज सहित चुकाए। इसके साथ ही मानसिक प्रताड़ना और कानूनी खर्च के लिए मुआवजा भी प्रदान करें। यह मामला स्थानीय वार्ड चार निवासी अधिवक्ता मनोज कुमार की दो वर्षीय बेटी से जुड़ा है। बच्ची अपने पिता के माध्यम से शिकायतकर्ता बनी।

शिकायत के अनुसार, बच्ची मनोज कुमार की फैमिली ग्रुप मास्टर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के तहत कवर थी। सितंबर 2025 में बच्ची अचानक गंभीर रूप से बीमार हो गई, जिसके कारण उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज में कुल 19,771 रुपये का खर्च आया। जब इस खर्च का क्लेम बीमा कंपनी के पास भेजा गया, तो कंपनी ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह राशि कटौती योग्य सीमा से नीचे है। कंपनी का दावा था कि यह 20 लाख रुपये की डीडक्टिबल सीमा वाली एक करोड़ की टॉप-अप पॉलिसी थी।

वहीं, शिकायतकर्ता का आरोप था कि बीमा कंपनी ने पॉलिसी के विस्तृत नियम और शर्तें उन्हें कभी उपलब्ध नहीं कराईं और डीडक्टिबल क्लॉज को छुपाकर रखा। शिकायतकर्ता ने सबूत के तौर पर व्हाट्सएप चैट भी पेश की, जिससे यह साबित हुआ कि बार-बार मांगने पर भी कंपनी ने नियम-शर्तें नहीं भेजीं। आयोग ने दोनों पक्षों के सबूतों की जांच की। आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ने यह दावा तो किया कि उसने नियम और शर्तें उपभोक्ता को दी थीं, लेकिन वह इसका कोई कूरियर प्रूफ, रसीद या डिजिटल स्वीकृति जैसा दस्तावेजी सबूत पेश नहीं कर सकी। उपभोक्ता आयोग ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी बीमा कंपनी किसी छिपे हुए नियम के आधार पर जायज क्लेम को खारिज नहीं कर सकती। अगर शर्तें उपभोक्ता को नहीं दी गईं, तो उन्हें लागू नहीं किया जा सकता। आयोग ने कंपनी की इस कार्रवाई को गैर-कानूनी माना। आयोग ने शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को 19,771 रुपये क्लेम राशि नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ चुकाने का आदेश दिया।

## असावरी फीडर पर बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने एसडीओ से लगाई गुहार

**बाढ़ड़ा।** असावरी फीडर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को झोझू कलां स्थित बिजली घर पहुंचकर एसडीओ परवीन कुमार से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से अनियमित बिजली आपूर्ति और बार-बार लगने वाले कट के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीओ को बताया कि क्षेत्र में बिजली कटौती के कारण घरेलू कार्यों के साथ-साथ किसानों और व्यापारियों को भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने असावरी फीडर के लिए प्रस्तावित बिजली आपूर्ति समय-सारिणी एसडीओ को सौंपी।

एसडीओ परवीन कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा । इस अवसर पर कन्नी खाप के प्रधान सूरजभान सांगवान, रणबीर सिंह, दीपक, कुलदीप, अंकित, ललित, ईश्वर, रहीम, नवीन, राममेहर, राजबाला, जगवंती, राजपति, मास्टर अरुण आदि मौजूद रहे।

गुडाना में ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना किया शुरू

# गांव की जमाबंदी ऑनलाइन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सरकार की विभिन्न डिजिटल सेवाओं और किसानों के लिए चलाई जा रही ऑनलाइन योजनाओं का लाभ न मिलने से नाराज गांव गुडाना के ग्रामीणों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। गांव में ग्राम सभा में सर्वसम्मति से मनोज कुमार को धरने का अध्यक्ष बनाया।

ग्रामीणों ने कहा कि बार-बार अधिकारियों को चेतावनी देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते अब उन्हें धरने का रास्ता अपनाना पड़ा। किसानों ने कहा कि दादरी जिले का गुडाना ऐसा गांव है, जिसकी जमीन का



रिकॉर्ड (जमाबंदी) आज तक ऑनलाइन नहीं है और गांव का रिकॉर्ड मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है, जिसका नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। जमाबंदी ऑनलाइन नहीं होने के चलते वे अपनी फसलों का पंजीकरण नहीं करवा पा रहे हैं, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ उनसे छिन रहा है। धरने पर बैठे किसानों ने मांग की कि गांव की जमाबंदी को जल्द ऑनलाइन किया जाए। साथ ही भावांतर भरपाई योजना की लंबित राशि, पिछले वर्ष के फसल मुआवजे का भुगतान, सम्मान निधि योजना की बकाया किस्त जारी की जाए तथा खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता की जाए। किसान मनोज, राकेश व वीरेंद्र ने बताया कि डिजिटल रिकॉर्ड न होने के कारण उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, सहकारी समितियों से खाद-बीज लेने और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद अधिकारियों की ओर से केवल ऑनलाइन रिकॉर्ड न होने का हवाला देकर वापस भेज दिया जाता है।

## तेज रफ्तार थार ने थ्री-व्हीलर को मारी टक्कर, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में पुर रोड पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। तेज रफ्तार से आ रही एक थार गाड़ी ने थ्री-व्हीलर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार दो बुजुर्ग महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे में गांव महंदा निवासी 77 वर्षीय फूलो देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 70 वर्षीय बिबो गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भिवानी रेफर किया गया है। बवानीखेड़ा नागरिक अस्पताल के डॉक्टर विनय कुमार और दीपक कुमार ने बताया कि हादसे में घायल महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया है। दोनों महंदा गांव की है प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि थ्री-व्हीलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हादसे के बाद गांव व और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'

लाइफ Style

# आलिया

## तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था। एक फैन के तौर पर यह देखना निराशाजनक है कि इतनी अनोखी फ्रैंचाइजी अब मेनस्ट्रीम स्टार पावर की तरफ झुक रही है। मुझे बस उम्मीद है कि 'तुंबाड 2' अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी और काबिल कलाकारों को चमकने का मौका देगी। एक अन्य यूजर ने भी नाराजगी जताते हुए लिखा, 'प्लीज आलिया को कास्ट मत करो।



हॉलीवुड मसाला



# डिगर में दिखे अलग अंदाज में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड हीरो टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में टॉम क्रूज काफी अलग अंदाज में दिखे हैं। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिनेता का एक ऐसा अवतार, जैसे उन्हें पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। एक्शन हीरो टॉम क्रूज पर्दे पर आते हैं तो अलग ही रौब नजर आता है, साथ ही उनका लुक भी दमदार होता है। दमदार से यहां मतलब है कि फिटनेस से लेकर फैशन सेंस तक सब कुछ एकदम टिपटॉप।



# पॉल ने गर्लफ्रेंड नताली को बनाया जीवनसाथी...

**लॉस एंजिल्स।** 'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे। कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना।



# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'। उन्होंने कहा कि उनका आर्ट जिस बुलंदी पर था तो उस बुलंदी के नजदीक तो आना चाहिए ना, तब तो तुलना होगी।



# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई। यह दिन मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

टीवी मसाला

# कुमकुम के 24 साल पूरे, जूही ने साझा किया खास वीडियो

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'कुमकुमः एक प्यारा सा बंधन' के प्रसारण को 15 जुलाई को पूरे 24 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके पर शो की मुख्य अभिनेत्री जूही परमार ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और दर्शकों के प्रति आभार जाहिर किया है। जूही परमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह शो के मशहूर टाइटल ट्रैक पर नाचती नजर आ रही हैं। भावुक होकर उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियां कभी खत्म नहीं होतीं... वे बस लोगों के दिलों में जिंदा रहती हैं।' जूही ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, '15 जुलाई को जब 'कुमकुम' के 24 खूबसूरत साल पूरे हो रहे हैं, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ है। यह सचमुच अद्भुत है कि इतने कई साल बाद भी आपका प्यार उतना ही गहरा और खास है।' जूही ने आगे लिखा कि आज भी फैंस के मैसेज, शो की यादें और टाइटल ट्रैक गुनगुनाना उन्हें यह एहसास दिलाता है कि यह सिर्फ एक टीवी शो नहीं था, बल्कि लोगों के परिवारों और दिलों का एक बेहद करीबी हिस्सा बन चुका था। इतने साल बीत जाने के बाद भी दर्शकों का प्यार इस शो के लिए बिल्कुल वैसा ही बना हुआ है। टीवी का लोकप्रिय शो 'कुमकुम' 15 जुलाई 2002 से 13 मार्च 2009 तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित हुआ था। इस शो में जूही परमार ने कुमकुम और हुसैन कुवाजेरवाला ने सुमित की मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुमित और कुमकुम की जोड़ी को टीवी जगत की सबसे पसंदीदा और सुपरहिट जोड़ियों में गिना जाता है।



## लॉकअप 2 में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है।



प्रतिभागियों के बीच खूब तकरार देखने को मिल रही है। वहीं, ड्रामा भी खूब हो रहा है। हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चौधरी के बीच तीखी तकरार हुई, जिसमें दोनों एक-दूसरे से 'औकात' पर बात करती नजर आईं। दरअसल, हालिया एपिसोड में देखा गया था कि आकांक्षा चौधरी को कड़ी सजा सुनाई गई और उन्होंने लॉकअप जेल में एक दिन बिताया। जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शिंदे के साथ उनका झगड़ा हुआ है। लॉकअप हाउस को दो वर्गों में बांटा गया था- कंट्रोलर और 'डिपेंडेंट'। कंट्रोलर होने के चलते शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा के साथ पिछले वीक हुए झगड़े में अपमान का बदला लेने की पूरी कोशिश की। उन्होंने आकांक्षा से अपने बिस्तर की चादरें बदलने को कहा, लेकिन 'डिपेंडेंट' होने के बावजूद आकांक्षा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इससे दोनों के बीच झड़प हो गई। बहस के बीच शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा से कहा, 'यही है तुम्हारी औकात है'।

# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया



रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।

# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे



इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।

### कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

### कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

## डायरेक्टर ने की थी सुसाइड की कोशिश

# 1957 में आई इस ब्लॉकबस्टर के क्लाइमेक्स के हुए थे 104 रीटेक

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की कई ऐसी फिल्में है जिनका नाम आज भी बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। आज हम आपकोएक ऐसी ही 69 साल पहले आई ब्लॉकबस्टर फिल्म के बारे में बता रहे हैं। फिल्म को डायरेक्ट किया था बॉलीवुड के महान एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गुरु दत्त ने। इस फिल्म के पूरे होने से पहले एक ऐसी खबर आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। ये खबर थी गुरु दत्त की सुसाइड की कोशिश की।*



### मजबूरी में एक्टिंग की थी

गुरु दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ एक्टिंग भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि गुरु दत्त ने मजबूरी में फिल्म में एक्टिंग की थी। हुआ कुछ ऐसा था कि गुरु दत्त फिल्म में दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। उन्होंने दिलीप कुमार से मुलाकात भी। दिलीप कुमार ने फिल्म के लिए हां भी कर दिया था।फिल्म के लिए दिलीप कुमार ने अपनी फीस डेढ़ लाख रुपए बताई थी।

### 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है प्यासा। ये फिल्म गुरु दत्त के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। आईएमडीबी के मुताबिक, प्यासा साल 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में गुरु दत्त ही लीड रोल में नजर आए थे।

### दिलीप कुमार को कास्ट करना चाहते थे

फीस सुनने के बाद गुरु दत्त ने दिलीप कुमार से फीस कम करने का अनुरोध किया था। फीस कम करने की बात पर दिलीप कुमार ने गुरु दत्त से कहा कि उन्हें पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूंकि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, तो उनकी जान-पहचान वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स फिल्म को ले लेंगे। इसपर गुरु दत्त ने कहा कि उनके जान पहचान के भी कुछ डिस्ट्रिब्यूटर्स हैं जिससे उन्होंने प्यासा का कमिटमेंट कर लिया है।

### *जान लेने की कोशिश की थी।*

*फिल्म की शूटिंग पूरे जोश से चल रही थी, लेकिन जब ये फिल्म पूरी होने वाली थी उसी वक्त मीडिया में एक हैरान करने वाली खबर आई थी। साल 1956 में फिल्म की शूटिंग अपने फाइनल स्टेज में थी और गुरु दत्त ने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई गई।*

***निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं :*** *गुरु दत्त जब इस फिल्म का शूट कर रहे थे, उनके निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं। गुरु दत्त और उनकी पत्नी गीता के बीच लड़ाई-झगड़े और दोनों के रिश्ते में दूरियां डायरेक्टर को परेशान कर रही थीं। इसका असर फिल्म के प्रोडक्शन में भी दिखा। कहा जाता है कि गुरु दत्त लगातार शूट करते रहते थे। इस फिल्म के क्लाइमेक्स का गुरु दत्त ने 104 बार रीटेक किया था। 104 रीटेक के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स फाइनल हो पाया था।*

### जब शूटिंग पर नहीं पहुंचे दिलीप कुमार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत के बाद भी दिलीप कुमार ने कहा कि वो शूटिंग पर आएंगे। हालांकि, जब फिल्म की शूटिंग शुरू होनी थी, उस दिन दिलीप कुमार सेट पर ही नहीं पहुंचे। गुरु दत्त ने किसी को दिलीप कुमार के घर भेजा, वहां जाकर पता चला कि दिलीप कुमार घर पर हैं ही नहीं। इसके बाद पता चला कि जिस कंपाउंड में प्यासा की शूटिंग होनी थी, उस कंपाउंड में नया दौर की शूटिंग चल रही है और दिलीप कुमार वहां पर हैं। गुरु दत्त ने दिलीप कुमार को मैसेज भिजवाया कि सब लोग सेट पर उनका इंतजार कर रहे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि वो 10 मिनट में आएंगे सेट पर, लेकिन दिलीप कुमार फिर भी नहीं आए। इसके बाद गुरु दत्त ने खुद इस फिल्म में एक्टिंग करने का फैसला लिया।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण प्रेमी ने बेटे के जन्मदिन पर बांटे पौधे

**बाढड़ा।** जन्मदिन को समाजहित से जोड़ने की अनूठी पहल करते हुए पर्यावरण प्रेमी सतीश कुमार ने अपने पुत्र हर्षित के जन्मदिन पर 500 पौधों का वितरण किया। इस अवसर पर लोगों को पौधरोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी संदेश दिया गया।

सतीश कुमार लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण और गौरैया बचाओ अभियान से जुड़े हुए हैं। क्षेत्र में वे पौधारोपण, पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष पहचान रखते हैं।

### पीएम के स्वागत को लेकर चला स्वच्छता अभियान

**बवानीखेड़ा।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर बवानीखेड़ा शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत झील परिसर और शहीद गुलाब सिंह पार्क में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

स्वच्छता अभियान का आयोजन बवानीखेड़ा मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर नागरिकों से भी आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

### निःशुल्क उपलब्ध होंगे सेनेटरी नैपकिन

**भिवानी।** महिलाओं और किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला एवं किशोरी सम्मान योजना प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है। विभाग की योजना के तहत बीपीएल परिवारों की 10 से 45 वर्ष आयु की महिलाओं एवं किशोरियों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध होंगे। नेपकिन के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पंजीकरण करवाना होगा।

### गांव ईशरवाल मंडल में चलाया स्वच्छता अभियान

**तोशाम।** मंगलवार को क्षेत्र के गांव ईशरवाल में ईशरवाल मंडल भाजपा की तरफ से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस बारे में मंडल अध्यक्ष कुलदीप महला ने बताया कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद में पहुंच रहे हैं उनके स्वागत के लिए पार्टी के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया है, यह अभियान मंगलवार 14 जुलाई से आरंभ होकर 20 जुलाई तक चलेगा। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री हरियाणावासियों को बहुत बड़ा तोहफा देने वाले है।

### बैठक में विभिन्न विकास कार्यों पर की चर्चा

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा क्लस्टर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीपीआईयू की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा के आदेश पर कलस्टर मुखिया आनंद शर्मा, सुनील शर्मा, हरदीप बाघोतिया, डॉ. नवीन कुमार, सत्यवान के नेतृत्व में आयोजित की गई। एबीआरसी राज कुमारी के निमंत्रण पर कलस्टर के सभी मुखिया मीटिंग में उपस्थित हुए। बैठक में अधिकारियों एवं संबंधित प्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। जनहित से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

### पीएम के दौरे को लेकर चलाया सफाई अभियान

**लोहारू।** आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद आगमन मौके पर पूरे हरियाणा में चल रहे स्वच्छता ही स्वागत कार्यक्रम की कड़ी में मंगलवार को स्थानीय सब्जीमंडी परिसर में भाजपा मंडल प्रधान रोहताश चौहान के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत भाजपा कार्यकर्ताओं और अनेक गणमान्य लोगों ने मुख्य सड़क मार्गों की सफाई की और लोगों को 17 जुलाई के कार्यक्रम का न्योता दिया।

## स्कूलों में औचक निरीक्षण, शिक्षकों में मचा हड़कम्प

# बीईओ बने शिक्षक, क्लास में पढ़ाया समानता का अधिकार

**बीईओ ने स्कूलों में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और अध्यापकों की हाजिरी जांची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। क्लास में बच्चों को पढ़ाते बीईओ। फोटो : हरिभूमि

बवानीखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने मंगलवार को खंड के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में कक्षाओ में बच्चों से सवाल भी पूछे। जिनका बच्चों ने बखूबी जवाब दिया। साथ ही सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समानता के अधिकार पर बच्चो को समझाया।

अन्य क्लासों में बच्चों से पूछे गए सवालों के सही जवाब देने पर बीईओ ने उनकी पीठ भी थपथपाई। दूसरी तरफ अधिकारी ने स्कूलों में निरीक्षण के दौरान स्कूलों की साफ सफाई से लेकर अध्यापकों की हाजिरी तक जांच की। अधिकारी के औचक निरीक्षण की खबर के बाद शिक्षकों में हड़कम्प मच गया। शिक्षक पूरे समय अपनी अपनी क्लासों में बच्चों को पढाते नजर आए। खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। वहा स्कूल में अध्यापकों के हाजिरी रजिस्टर चेक किया। सभी शिक्षक हाजिर मिले।

**शौचालय को साफ सुथरा रख:** इनके साथ प्रत्येक क्लास में बच्चों की संख्या की जानकारी भी खंड शिक्षा अधिकारी ने ली। साथ ही शौचालय हमेशा साफ़ सुथरे रखने के आदेश भी दिया।

### साफ-सफाई का ध्यान रखें: बीईओ

खंड शिक्षा अधिकारी ने कमरों का भी निरीक्षण किया और रिपोर्ट ली। बाद में खंड शिक्षा अधिकारी सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्मिक विद्यालय पहुंचे। प्राचार्य राजेश कुमार ने उन्हें हाजिरी रजिस्टर चेक करवाया। स्कूल में सभी हाज़िर पाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्र संख्या ली। साथ ही स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल परिसर में सफाई व्यवस्था देखी। जिस पर संतोष जताया और कहा कि भविष्य में भी इसी तरह से स्कूल में साफ व सफाई रखना निहायत जरूरी है। उसके बाद अधिकारी क्लासों में पहुंचे। वे सबसे पहले 11 वीं कलास में पहुंचे। उस वक्त राजनीतिक विज्ञान का शिक्षक समानता के अधिकार के बारे में जानकारी दे रहे थे। अधिकारी ने उसी क्लासा में रूक कर बच्चों से समानता के अधिकार के बारे में सवाल किए। कुछ बच्चों ने समानता के अधिकारी का स्टीक जवाब दिया। वही उन्होंने पूरा एक पीरियड बच्चों को समानता के अधिकार के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे सभी को समानता के अधिकार मिले थे। पूरा पीरियड बीईओ समानता के अधिकार विषय पर बच्चों को अपना व्याख्यान देते रहे। उसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से मिड डे मील के बारे में भी पूछा और प्रतिदिन होने वाली पढ़ाई व दैनिक डायरी के बारे में भी पूछा। अधिकारी ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल में आने व साफ़ सफाई का ध्यान रखने बारे भी समझाया।

**रामनगर एसटीपी से समसपुर एसटीपी के बीच आया फाल्ट**

# उपायुक्त के निर्देश पर पानी निकासी लाइन रिपेयर का काम किया शुरू

**उपायुक्त पहले डूंगर वाली खाड़ी पहुंची और फिर कीकर वासनी जोहड़ का दौरा किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखीदादरी। डूंगरवाली खाड़ी का निरीक्षण करने पहुंची उपायुक्त मनदीप कौर।

उपायुक्त मनदीप कौर की तत्परता से एक बार फिर पानी निकासी लाइन को ठीक करने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उपायुक्त औचक निरीक्षण के लिए पहले डूंगर वाली खाड़ी पहुंची और उसके बाद कीकर वासनी जोहड़ का दौरा किया। इस दौरान उन्हें वहां मोटर बंद मिली। पूछने पर पता चला कि लाइन में फाल्ट आया हुआ है। तो उपायुक्त मौके का जायजा लेने के लिए रामनगर एसटीपी पहुंच गई। जहां पता चला कि लाइन नेशनल हाईवे 152डी के पास टूटी हुई है।

उन्होंने टूटी हुई लाइन का भी जायजा लिया और जन स्वास्थ्य विभाग को तुरंत लाइन ठीक करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने इसको लेकर जनस्वास्थ्य विभाग को लाइन टूटने का कारण भी पूछा तो पता चला कि एनएचएआई द्वारा एनएच 152डी के पास काम करते हुए लाइन को नुकसान पहुंचा था। इस पर उपायुक्त ने एनएचएआई को सख्त निर्देश दिए कि सही तरीके से काम करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी विभाग अपना कार्य करते समय दूसरे विभाग का काम खराब न करें। इससे नागरिकों को काफी परेशानी होती है। अगर ऐसा किया जाता है तो दोषी विभाग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गैरजिम्मेदारी से काम करने के चलते इस लाइन में फाल्ट आने के कारण कीकर वासनी जोहड़ का जलस्तर बढ़ गया है। डीसी के निर्देश पर विभाग ने लाइन ठीक करने के लिए दादरी के बाहर से रिपेयरिंग का सामान तुरंत प्रभाव से मंगवाया है और इसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है। विभाग के मुताबिक लाइन रिपेयर करने काम आज ही मंगलवार रात को पूरा कर लिया जाएगा।

## पौधों के बिना जीवन संभव नहीं : बीके सुमित्रा



**भिवानी।** पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बढ़ता जा रहा हैं, जिसको केवल पौधों के सहारे ही कम किया जा सकता है, ये बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा गौशाला मार्केट व शाखा सिद्धिधाम द्वारा संयुक्त रूप से संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए गौशाला मार्केट प्रमुख राजयोगिनी बीके कीर्ति बहन व शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने संयुक्त रूप से कही। बीके कीर्ति व बीके सुमित्रा ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखरेख करनी चाहिए। संगोष्ठी का आरंभ पौधा रोपण से किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यरूप से उपस्थित बीके चेतना बहन महम व बीके सुमन महम ने भी पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बीके आरती, बीके श्वेता, बीके पारस, बीके हिंदराज, बीके राजेश, बीके शांति भाई, बीके सोमप्रकाश, बीके भीम सिंह चौहान व मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर सहित अनेक ब्रह्मावत्स मौजूद रहे।





चरखीदादरी। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए सीजेएम संजीव काजला।

## विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों से करवाया अवगत

**चरखी दादरी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने गांव रावलधी स्थित राजकीय कन्या वमावि का दौरा किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इन पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। सीजेएम संजीव काजला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य उपस्थित जनों को पॉक्सो अधिनियम, 2012 तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के संबंध में भी जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इसके कानूनी प्रावधानों से भी अवगत करवाया।

# गीता के रहस्य को समझने वाला ही उसके मर्म तक पहुंचता है : स्वामी ज्ञानानंद

- भोग और ऐश्वर्य की आसक्ति से नहीं, निष्काम कर्म से मिलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे स्वामी ज्ञानानंद महाराज का स्वागत करते हुए।

दिनोद गेट स्थित अंचल अस्पताल में तीन दिवसीय दिव्य गीता संदेश व प्रवास पर पहुंचे स्वामी ज्ञानानंद महाराज का भव्य शंख ध्वनि, पंडित व विद्वानों और विवेकानंद हाई स्कूल के अष्टादश गीता श्लोकी विद्यार्थियों ने गीता के 18 श्लोको का उच्चारण कर गीता मनीषी ज्ञानानंद का सम्मान व स्वागत किया।

यही इस अवसर पर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक डॉ विनोद अंचल व डॉ अनीता अंचल ने पुष्प माला व गीता की पुस्तक भेंट कर गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज का सम्मान किया। इस दौरान गीता मनीषी ज्ञानानंद ने कहा कि जो व्यक्ति गीता के रहस्य को समझ लेता है, वह उसके वास्तविक मर्म तक पहुंच जाता है और उसका जीवन सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने लगता है। ज्ञानानंद महाराज ने गीता के द्वितीय अध्याय के श्लोक 42 से 43 का सरल भावार्थ समझाया।

## बच्चों को 4.62 लाख की छात्रवृत्ति वितरित

**चरखी दादरी।** हरियाणा पुलिस की कल्याणकारी योजनाओं के तहत दादरी जिले में तैनात पुलिस कर्मचारियों के परिवारों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल की ओर से संचालित स्कॉलरशिप योजना और शगुन योजना के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार ने मंगलवार को पुलिस कर्मचारियों के 47 मेधावी बच्चों को कुल 4.62 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की। साथ ही शगुन योजना के तहत ईएसआई राजेंद्र की दो बेटियों के विवाह के लिए हरियाणा पुलिस वेलफेयर फंड से कुल पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मचारी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिन-रात चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। ऐसे में उनके परिवारों का कल्याण और बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना हरियाणा पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि स्कॉलरशिप योजना के तहत जिले में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों के 47 बच्चों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर कुल 4 लाख 62 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।



चरखीदादरी। मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के चैक सौंपते हुए एसपी लोगेश कुमार।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

- खगोल विज्ञान प्रयोगशालाएं के सफल संचालन के लिए करवाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। अटल टिंकरिंग लैब व विज्ञान प्रयोगशालाओं के शिविर में उपस्थितजन।

जिला शिक्षा अधिकारी भिवानी डॉ. निर्मल दहिया तथा जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा ,शिव कुमार तंवर के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पालवास में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के माध्यम से भिवानी जिले के 22 विद्यालयों में प्राप्त अटल टिंकरिंग लैब के प्राचार्य तथा विज्ञान/गणित तथा कंप्यूटर साइंस के दो प्राध्यापकों के प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया।

प्राचार्य व अतिरिक्त कार्यभार सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता बढ़ाने व मजबूत करने हेतु करवाया गया । उन्होंने बताया कि जिले में नवाचार व विज्ञान विषय में रुचि को बढ़ावा देने के लिए समग्र शिक्षा हरियाणा द्वारा इन प्रयोगशालाओं को स्थापित किया गया है। ये उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करेंगी। कार्यक्रम में जिला विज्ञान विशेषज्ञ रोहित कुमार,अलग-अलग स्कूलों के प्रधानाचार्य, विज्ञान विषय के पीजीटी शिक्षक शामिल हुए।

## ध्यान और प्राणायाम का महत्व बताया

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग टीम के विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तनावमुक्त जीवन के लिए ध्यान, प्राणायाम, श्वास तकनीकों एवं सकारात्मक सोच को अपनाने पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. त्रिलोक चंद ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# हरियाणा सुपर-100 की विस्तारित सीटों के लिए दादरी में प्रवेश परीक्षा करवाई

- 70 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 35 अनुपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा सुपर-100 योजना में अतिरिक्त 100 सीटों पर प्रवेश के लिए प्रथम स्तर की प्रवेश परीक्षा मंगलवार को शहीद दलबीर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय चरखी दादरी के परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से करवाई। परीक्षा केंद्र पर कुल 105 विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए आवंटित किया था, जिनमें से 70 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 35 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का संचालन शिक्षा विभाग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं और परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। शिक्षा विभाग के अनुसार, प्रथम स्तर की प्रवेश परीक्षा का परिणाम 17 जुलाई को घोषित किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय स्तर की प्रवेश परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित होगी, जबकि इसका परिणाम 23 जुलाई को जारी किया जाएगा।

**भिवानी एवं चरखी दादरी जिलों के 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया**

# टीम वर्क से चलते हैं संस्थान : नवरत्न पांडे

**बिरहीकलां डाइट में ग्रुप डी कर्मियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखीदादरी। डाइट बिरहीकलां में प्रशिक्षण में मौजूद प्रशिक्षक व कर्मचारी।

कोई भी संस्थान व विद्यालय केवल प्राचार्य या शिक्षकों के बल पर नहीं चलते, बल्कि टीम वर्क से चलते है। एक अच्छा सुख-सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विद्यालय के मुखिया व स्टाफ के साथ मिलकर स्कूल के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, ये विचार डाइट बिरहीकलां के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्रशिक्षण प्रभारी नवरत्न पांडे ने ग्रुप-डी कर्मचारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में व्यक्त किए। बिरहीकलां के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 14 से 18 जुलाई तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में भिवानी एवं चरखी दादरी जिलों के 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि ये वे कर्मचारी हैं, जो पूर्व प्रशिक्षण बैच में परीक्षा ड्यूटी के कारण शामिल नहीं हो सके थे।

### उच्च कार्य संस्कृति के तौर-तरीके बताएं

डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्रशिक्षण प्रभारी नवरत्न पांडे ने सुख सहायकों को कार्यालय के नियमों, समय की पाबंदी, अधिकारियों के आदेशों की पालन व उच्च कार्य संस्कृति बनाए रखने के तौर तरीके बताएं। प्रथम दिवस के सत्रों का समन्वयन विवेक कुमार ने किया। परिचय सत्र में तथ्य सामने आए कि प्रतिभागियों में सात कर्मचारी एमए, एमएससी (भौतिकी) तथा एमएससी (जूलॉजी) जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यताएं रखते हैं और स्कूली दायित्वों के साथ विद्यार्थियों को शैक्षणिक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। प्रथम तकनीकी सत्र में सोमबीर जाखड़ ने विद्यालय प्रबंधन में सुख सहायक की भूमिका चर्चा की। वहीं दोपहर बाद नरेश कुमार ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्टेशनरी वितरण एवं पंजीकरण का कार्य संजीव कुमार और अभिमन्यु ने संभाला, जबकि जोगेंद्र कुमार एवं धर्मबीर ने जलपान एवं भोजन व्यवस्था में सहयोग दिया। इस मौके पर राकेश गोदारा सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## जल संरक्षण की शपथ दिलाई

**चरखी दादरी।** नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को कैच द रेन-व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स अभियान के तहत जल संरक्षण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी ने की। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए वर्षा जल संचयन, पानी के विवेकपूर्ण उपयोग और हर बूंद को बचाने का संकल्प दिलाया। चेयरमैन बक्शी राम सैनी ने कहा कि जल है तो कल है केवल एक नारा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि लगातार घटते भूजल स्तर और बढ़ती जल संकट की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। यदि वर्षा जल का सही तरीके से संचयन किया जाए तो भूजल स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ भविष्य में पानी की कमी जैसी समस्याओं से भी काफी हद तक बचा जा सकता है।





चरखीदादरी। जल संरक्षण की शपथ लेते हुए नप चेयरमैन, अधिकारी व कर्मचारी।



यादि बहुत आते हैं वो दिन...

# पहले बच्चों का नीम की निबोली, गुलर-बरबंटी से होता था नाश्ता, अब बैड टी के बाद खुलती आंखें

**पहले शिक्षा एवं उपचार नहीं अंधविश्वास था, आज शिक्षित लोग ही हैं अंधविश्वासी**

**बेटियों की शिक्षा की नहीं थी सोच, समय बदलने के साथ बदली लोगों की सोच**

**एक मां की कोख से जन्मी तीन बहनों में बड़ी अनपढ़ और दो बहने स्नातकोत्तर एवं शिक्षा स्नातक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

पहले नीम की निबोली व गुलर-बरबंटी से बच्चों का नाश्ता होता था, आज बैड टी के बाद आंखें खुलती हैं। स्कूल जाने से पहले सुबह सुबह खेतों में पशुओं के घास काटकर लाते थे, आज इतनी ज्यादा सुविधाएं होने के बावजूद बच्चों को स्कूल के लिए तैयार एवं उनका नाश्ता तैयार करने में प्रतिदिन देरी हो जाती हैं। पहले शिक्षा नहीं थी तो उपचार भी नहीं था, बल्कि अनपढ़ता के कारण अंधविश्वास था, आज शिक्षित लोग अंधविश्वास में फंसे हैं और आएदिन कोई न कोई बड़ी एवं संवेदनशील घटना सुनने को मिलती हैं, उक्त पुराने संस्मरण ढाणी महताबदास निवासी पूर्व नगर पार्षद इंद्रसिंह सैनी ने सांझा किए। उन्होंने बताया कि पहले बेटियों की शिक्षा की सोच नहीं थी, समय बदलाव के साथ लोगों की सोच बदली। एक ही कोख से मेरी तीन बहनें जन्मी, सबसे बड़ी बहन को मां बाप ने नहीं पढ़ाया, लेकिन समय एवं सोच के बदलाव से छोटी दो बहनों को स्नातकोत्तर एवं शिक्षा स्नातक तक पढ़ाया।



ढाणी महताबदास निवासी पूर्व नगर पार्षद इंद्रसिंह सैनी।

### अब पहले वाले खेल लुप्त

इंद्रसिंह सैनी ने बताया कि पहले फाग एक महीना तक खेलते थे। लड़के लड़कियां बित्ती-डंडा, पेड़ों पर पकड़म-पकड़ाई, घरों में छुपम-छुपाई खेलते थे, क्योंकि पहले सोच बिल्कुल सही थी, आज सोच में नकारात्मकता आ गई हैं। लड़क-लड़की साथ दिखाई दे तो तरह-तरह से बातें बनाई जाती हैं, लेकिन पहले ऐसा नहीं था और न ही नकारात्मक सोच थी, लोग अच्छा करते थे और अच्छी ही सोच रखते थे। पहले दूध, दही, मक्खन एवं शुद्ध खानपान था, आज जहरीला उगा रहे हैं और जहरीला ही खा रहे एवं परोसा जा रहा हैं, जिस हिसाब से सोच नकारात्मक, गुस्सा एवं जहर हर आदमी में ऊपर तक भर गया हैं। पहले खेतों में गोबर की खाद का खेतों में प्रयोग होता था तो गेहूं व सब्जियां शुद्ध होती थी, आज खेतीबाड़ी ज्यादा लोग ठेके पर देने लगे हैं, जिसके चलते ठेके पर लेने वाला व्यक्ति चार से पांच कट्टों तक यूरिया, डीएपी खाद एवं कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग करते हैं, जिससे फसल जहरीली पैदा होती हैं। खेतों में जहरीला उगाया जाएगा तो वहीं खाने को मिलेगा। इसके साथ ही खेती की जमीन खराब हो रही हैं, जो धीरे-धीरे बंजर हो जाएगी। सैनी ने बताया कि वातावरण दूषित हो रहा हैं, हर तरफ गंदगी का बोलबाला हैं। कहते हैं जैसा खाओगे अन्न, वैसा होगा मन, तो आज हर कोई जहरीला खा रहा हैं, जिस के चलते हमारी सोच भी नकारात्मक होती जा रही हैं। पहले पड़ोसी सुख-दुःख का साथी होता था, आज पड़ोसी तो दूर भाई-भाई का नहीं हैं, सब आपा-धापी के चक्कर में फंसे हैं, पैसा और जमीन जायदाद ही रिश्तों से बड़ी हो गई हैं।

# आज अपना एक रुपया बचाने के चक्कर में सामने वाले का 99 रुपये का नुकसान करने की बनी सोच

**सहनशीलता खत्म, गुस्सा आसमान पर, मां-बाप माफी मांगें, बेटा-बहू खाने को भागे**

**खुद को सही एवं सच्चा, दूसरों को झूठा एवं नीचा दिखाने की लगी होड़**

**पहले जिसका खाया अन्न, उसे जुड़ा रहता मन, आज जिनका खाओ अन्न, वहीं गद्दारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

समय के बदलाव ने आदमी को ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया कि हर कोई अपनी ही सोचने लगा हैं और दूसरों से उसे कोई मतलब नहीं रह गया। जरूरत हैं तो चिकनी चुपड़ी बातें कर अपना काम निकालने की सोच हर आदमी में घर कर गई हैं और बाद में उसे मक्खी की तरह निकालकर फेंक देते हैं। आज किसी को कोई काम नहीं हैं, लेकिन फुर्सत एवं समय एक मिनट का भी नहीं, हर काम में जल्दी, बस जल्दी रहती हैं, जिस रोटी के लिए हर आदमी पूरा दिन काम करता हैं, उसी रोटी को वह आराम से बैठकर खाता नहीं बल्कि निगलता हैं, उक्त पुराने संस्मरण 72 वर्षीय हालुवास गेट चरखान की ढाणी निवासी श्याम सुंदर दाधीच ने सांझा किए। उन्होंने बताया कि लोगों में सहनशीलता खत्म हो गई और गुस्सा आसमान पर हैं, मां-बाप माफी मांगते हैं और बेटा-बहू खाने को भागते हैं, ये हमारे संस्कारों की गिरावट हैं। हर आदमी खुद को सही एवं सच्चा, दूसरों को झूठा एवं नीचा दिखाने में लगा हैं।



हालुवास गेट ढाणी चरखान निवासी श्याम सुंदर दाधीच।

### आज फैशन का जमाना

श्याम सुंदर दाधीच ने बताया कि महिला एवं पुरूषों में संस्कार, संस्कृति, स्वभाव एवं सोच का समावेश था, हर आदमी कोई भी कार्य करते समय खुद से पहले दूसरों का फायदा सोचता था, कहीं मेरे कार्य से दूसरों को कोई तकलीफ तो नहीं होगी, आज हकीकत ये हैं कि अपना एक रूपया बचाने के चक्कर में सामने वाले के 99 रुपये का नुकसान करने की सोचते हैं। मैं सुबह पांच बजे चौधरी बंसीलाल पार्क में आ जाता हूं, पार्क में नीम, पीपल, मुरवा के कच्चे पत्ते खाता हूं और नीम की दातुन करता हूं, बुखार भी चढ़ने से डरता हैं और पाचन क्रिया भी पूरी तरह से मजबूत हैं, आज फैशन का जमाना हैं, तरह तरह की दंत मंजन, टूथ पेस्ट करते हैं और फिर भी दांत खराब हो जाते हैं। आज 10 रुपये का दूध लाने के लिए 50 रुपये का मोटरसाइकिल का पैट्रोल फूंक देते हैं, कोई पैदल चलकर राजी नहीं, पैदल चलना अपनी बेइज्जती समझने लगे हैं, कहीं कोई हमें पैदल देखकर ये न कहे, वो न कहें, मैं प्रतिदिन पांच किलोमीटर पैदल चलता हूं और बिल्कुल फीट एवं तंदुरूस्त हूं, जवान बच्चों से ज्यादा काम करने की क्षमता रखता हूं। पहले लोग अनपढ़ थे तो संस्कारों से भरपूर थे, छोटे बड़े की शर्म एवं सम्मान बरकरार था, आज शिक्षित हो गए तो जानवरों जैसा व्यवहार एवं अभद्रता करते है, बड़े बुजुर्ग, मां बाप की घर में इज्जत नहीं करते और मनमानी करते हैं, चाहे वे गलत ही क्यों न हो। खुद को सही एवं सच्चा और दूसरों को झूठा एवं नीचा दिखाने की एक तरह से होड सी लगी हैं। वहीं पहले किसी का कुछ खाते थे तो उसे प्रति वफादारी होती थी, लेकिन आज जिस थाली में खाते, वहीं छेद एवं गद्दारी करते हैं।

## खबर संक्षेप

### दुकान से रुपये चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने दुकान से रुपये चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुनील निवासी बैंक कॉलोनी, भिवानी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनकी एक कन्फेक्शनरी की दुकान है। 20 जून को उनके पिता दुकान पर मौजूद थे तथा सफाई कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक दुकान में आया और दुकान में रखे बैग से 75,000 रुपए चोरी कर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर थाना औद्योगिक क्षेत्र में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### प्रशासन ने नहीं ली धरनारत किसानों की सुध

**बवानीखेड़ा।** सुंदर नहर में 15 दिन पानी व पुरा पानी की मांग को लेकर धरना 18वें दिन जमालपुर में जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सयुंक्त रुप से बहादुर सिंह अलखपुरा व सुनीता यादव जमालपुर ने की व मंच संचालन रामअवतार भाकर ने किया।आज के धरने में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, प्रताप सिंह सिंहमार ने धरने को समर्थन देकर कहा की हरियाणा की सैनी सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने में विफल है और लोग आज बहुत ही परेशान होकर आंदोलन करने को मजबूर है।

## बेटियों के बिना नहीं की जा सकती समाज की कल्पना : कौर

# समाज में जागरूकता लाने से ही लिंगानुपात में सुधार संभव : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶चरखी दादरी

- जिले में लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए

बिगड़ते लिंगानुपात की समस्या के समाधान एवं लिंगानुपात सुधार केवल जन जागरूकता से ही संभव है। बिगड़ता लिंगानुपात सबसे लिए चिंता का विषय है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं चिकित्सक लोगों को जागरूक करते हुए आगे बढ़ें। उपायुक्त मनदीप कौर ने पीसी एवं पी ए न डी टी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने जिले के लिए लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए सुधार के लिए तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी को यह समझना होगा कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। विकास और प्रगति के लिए लैंगिक समानता अनिवार्य है। बेटी के बिना समाज की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि कानून एवं नियमों के अनुसार भ्रूण लिंग जांच एवं भ्रूण हत्या अपराध हैं और पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत ऐसे केंद्रों और व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो सकती है। ऐसा करने वालों की सूचना देने वालों को इनाम भी दिया जाता है और उनका परिचय गुप्त रखा जाता है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसमें समाज के हर वर्ग, ग्राम पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं और जागरूक नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। यदि किसी को लिंग परीक्षण या भ्रूण हत्या से संबंधित कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो वह तत्काल इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग या उपायुक्त कार्यालय का दे सकता है।




**चरखी दादरी।** लिंगानुपात सुधार क्षेत्र में काम करने पर सम्मानित करती उपायुक्त व सिविल सर्जन। *फोटो : हरिभूमि*

### कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम जरूरी

उपायुक्त ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग मिलकर छापामारी अभियान चलाएं। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण से लेकर बच्चा पैदा होने तक निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। लिंगानुपात में सुधार करना केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारा नैतिक दायित्व है। सबको मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां हर बेटी को जन्म लेने और फलने-फूलने का समान अधिकार मिले। बैठक में सीएमओ डॉ. नरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**चरखी दादरी।** समीक्षा बैठक में मौजूद उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

### सही खानपान एवं जागरूकता से जीतेंगे एनीमिया की जंग: डीसी

- चिकित्सक की सलाह के बिना कोई भी दवा न लें, आयरन की गोलियों के साथ खट्टे फलों का करें सेवन : मनदीप

**चरखी दादरी।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया बया। बैठक में उपायुक्त ने गहनता से स्थिति का जायजा लिया और निर्देश दिए कि शुरुआती स्तर पर ही बच्चों एवं महिलाओं में एनीमिया की समस्या का पता लगाकर इलाज किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर प्रस्तुत की रिपोर्ट और आंकड़ों को विस्तार से देखा और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर हीमोग्लोबिन की जांच की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। लोगों को समझाएं कि चिकित्सक की सलाह के बिना कोई भी दवा न लें और आयरन की गोलियों के साथ खट्टे फलों (जैसे नींबू, संतरा) का सेवन करें, जिससे शरीर को आयरन सोखने में मदद मिलती है। नागरिकों को यह भी बताएं कि किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें। वहीं थकान महसूस होना, सांस फूलना, त्वचा का पीला पड़ना, कमजोरी और चक्कर आना एनीमिया के सामान्य संकेत हैं। भोजन में आयरन और विटामिन-सी युक्त पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, दालें, गुड, मूंगफली और अंकुरित अनाज का सेवन बढ़ाएं।

## न्यूज डायरी



### अभियान के तहत दिया स्वच्छता का संदेश

**तोशाम।** मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा माई वाला मंदिर बापौडा के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास फैली पॉलीथीन, प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को एकत्रित कर क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।




### एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली रैली

**भिवानी।** जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में युवाओं द्वारा एसआईआर जागरूकता अभियान के अंतर्गत युवाओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली। रैली को रेड क्रॉस झंडी दिखाकर शहर के विभीन्न चौराहों के लिए सचिव रेड क्रॉस प्रदीप कुमार द्वारा रवाना किया गया। सचिव ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक नागरिक की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने और चुनावी प्रक्रिया के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भिवानी में एक विशेष मुहिम की शुरुआत की गई है।



### सरकारी स्कूल में बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री

**चरखी दादरी।** गांव खेड़ी बत्तर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला परिसर में संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सह-पाठ्य सामग्री और स्टेशनरी का वितरण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त विज्ञान अध्यापक महेंद्र सांगवान व उनके भानजे देवेंद्र सिंह ने शिरकत की।



### एसआईआर कार्य एक दिन पहले पूर्ण होने पर खुशी

**लोहारू।** करीब एक माह से लोहारू हलके में चल रहा एसआईआर अर्थात मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय अवधि से एक दिन पहले ही पूर्ण कर लिया गया है। लोहारू निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने एसआईआर कार्य लगे सभी बीएलओ और अन्य टीम सदस्यों को बधाई दी और खुशी जाहिर की है। उधर गिगनाऊ के बूथ 209 व 210 पर एसआईआर का कार्य पूर्ण होने पर सरपंच ने बीएलओ सहित टीम को सम्मानित किया।




### टैलेंटेड इंडिया शो में रुद्रा को मिला प्रथम स्थान

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार की छात्रा रूद्रा ने करनाल में आयोजित मानव प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत टैलेंटेड इंडिया शो में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय पधारने पर प्रशासक डॉक्टर शमशेर सिंह अहलावत एवं प्राचार्य दीपक वशिष्ठ ने विजेता छात्रा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया व बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा रूद्रा शानदार नृत्य के साथ-साथ पढ़ाई में भी सदैव अच्छा प्रदर्शन करती रही है। छात्रा की इस शानदार सफलता में उसके माता-पिता का विशेष योगदान है व उन्हें भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।



### फोटोग्राफी यूनियन ने लगाया रक्तदान शिविर

**भिवानी।** फोटोग्राफी यूनियन के जिला प्रधान रोहित लाड़वाल के द्वारा आज चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में ब्लड कैंप का आयोजन किया गया। रोहित लाड़वाल ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अश्विनी शर्मा, रूपेन परमार, सुनील, बादल, विकी, नितिन अरोड़ा, आशु डाला, कुलबीर, रवि आदि फोटोग्राफर सदस्यों ने रक्तदान किया।

### 14 से 20 तक मनाया जाएगा स्वच्छता सप्ताह : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी एवं जिला परिषद भिवानी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने तथा जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 14 से 20 जुलाई तक हरियाणा स्वच्छता सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 24 तक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे बीएलओ

**भिवानी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान-2026 का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित सभी गतिविधियां संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएंगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य अब 24 जुलाई तक किया जाएगा। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं रेशनेलाइजेशन का कार्य भी 24 जुलाई तक पूरा किया जाएगा।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# प्रधानमंत्री के हाथों से चिकित्सा व शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 17 जुलाई को पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के शुभारंभ से जिला भिवानी व आसपास इलाके में चिकित्सा शिक्षा को नया आयाम मिलेगा। यह मेडिकल कॉलेज इस इलाके के लिए वरदान साबित होगा। यहां पर आने वाले समय में जरूरतमंद लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। मेडिकल कॉलेज में विभिन्न तरह के छह मेजर ऑप्रेशन थिएटर की सुविधा होगी, जिससे अलग-अलग तरह के ऑप्रेशन एक साथ किए जा सकेंगे। इसके अलावा हर विभाग के आईसीयू बेड सुविधा के साथ छह माईनर ऑप्रेशन थिएटर हैं। नवनिर्मित मेडिकल होस्पीटल की 320 आईपीडी बेड की क्षमता है, जबकि सामान्य अस्पताल में 300 बेड की क्षमता पहले से ही है। डीसी साहिल गुप्ता द्वारा मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ समारोह को यादगार बनाने के लिए चिकित्सा विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो तैयारियों को अमलीजामा पहना रहे हैं।



**भिवानी।** नेकीराम मेडिकल कॉलेज के भवन का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

**शिक्षा सुधार** शिक्षा स्तर का किया जा रहा मूल्यांकन

# डीईओ चौधरी ने शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के दिए निर्देश

- जिला भिवानी को हर क्षेत्र में अव्वल लाने के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

जिला शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय लोहारू में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता डीईओ एवं डाईट प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी ने की। बैठक में लोहारू खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा, पीएमश्री स्कूल की प्राचार्या पूनम श्योराण, डाईट भिवानी से मोनिका कौशिक, डाईट बिरहीकलां से नीरज सौपर्णा, दीक्षा वी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिला नोडल अनिल सैनी सहित बीआरपी एवं एबीआरसी उपस्थित रहे। डाइट के प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया।



**भिवानी।** पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*